पत्नी ट्रेन के आगे कूदी तो पति ने फांसी का फंदा लगाकर जान दी

करवाचौथ पर पति के घर देरी से आने पर हुआ था दोनों में झगड़ा

- हरमाड़ा इलाके के गांव नांगल सिरस की घटना
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा इलाके में करवा चौथ की रात पति-पत्नी द्वारा आत्महत्या करने मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि रात को पति के घर लेट आने पर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद पहले गुस्साई पत्नी ट्रेन के आगे कूदी और उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए।

पटरियों पर पत्नी की लाश के टुकड़े देख पति खुद को संभाल नहीं पाया और उसने घर जाकर फांसी का फंदा लगा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दोनों के शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। जहां दिन में पोस्टमार्टम करवा कर शवों को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी उदयभान ने बताया कि नांगल सिरस गांव हरमाड़ा निवासी घनश्याम बुनकर (38) और उसकी पत्नी मोनिका उर्फ मोना (35) ने आत्महत्या की है। जो अपने बेटे आयुष (13) और निक्की (8) के साथ यहां रहते थे। घनश्याम बुनकर नेटवर्किंग मार्केटिंग कंपनी में जॉब करता था। पुलिस जांच में सामने आया है कि करवा चौथ (रविवार) की रात को घनश्याम और मोनिका के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि गुस्से में मोनिका घर से निकल गई। वहीं मोनिका का पीछा करते हुए घनश्याम भी घर से निकल गया।

जहां जयरामपुरा पुलिया के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन को आते देखकर मोनिका ने छलांग लगा दी। ट्रेन की चपेट में आते ही मोनिका के शव के टुकड़े-टुकड़े हो गए। रेलवे ट्रैक पर मोनिका का शव टुकड़ों में देखकर घनश्याम बुनकर घर लौट आया। घनश्याम ने अपने भाई को वॉट्सऐप मैसेज भेजकर लिखा कि भाई वह हार गया सॉरी। गणपत और घनश्याम से बात कर लेना। वो आपकी मदद करेंगे। मेरी आई-डी पर अब आपको काम करना है।

मेरी वाइफ आज ट्रेन के सामने कट गई। मैसेज करने के बाद घर के कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर घनश्याम ने भी आत्महत्या कर ली। रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को दी गई। उसकी पहचान करने के बाद परिवार वालों को सूचित किया गया। उधर घनश्याम के आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा।

थानाधिकारी ने बताया कि पति-पत्नी के झगड़े के दौरान दोनों बच्चे घर पर दूसरे कमरे में सो रहे थे। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि करवा चौथ की रात को घनश्याम घर पर लेट आया था। घर लेट आने की बात को लेकर उसकी मोनिका से कहासुनी हुई। बात ज्यादा बढ़ गई और मामला आत्महत्या तक पहुंच गया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।

कांग्रेस नहीं करेगी गठबंधन, अकेले लड़ेगी सातों सीटों पर

- उम्मीदवारों के नाम तय, आखिरी फैसला आलाकमान के हाथ

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान की सात सीटों पर उपचुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में हुई बैठक में टिकट वितरण के साथ ही चुनावी रणनीति, बूथ मैनेजमेंट और चुनाव के प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद एक बात साफ हो गई है कि सभी सात सीटों पर कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी और किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं होगा।

बैठक के कहा जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस ने सभी सात सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। अब दिल्ली से आलाकमान की मुहर लगने के बाद वहां से प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, भंवर जितेंद्र सिंह, डॉ. सीपी जोशी, रफीक खान सहित सह प्रभारी भी मौजूद रहे। सचिन पायलट विदेश दौरे पर होने के कारण बैठक में नहीं आए। बैठक के बाद प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सातों सीटों पर हमारी पूरी तैयारी है।

हमने कैंडिडेट तय कर लिए हैं। इसके बारे में सबसे बात कर ली है। डोटासरा ने साफ किया कि जयपुर से जो पैनल भेजा जा रहा है। उसमें एक नाम भी हो सकता है या दो-तीन दावेदारों के नाम भी हो सकते हैं।

भाजपा से नाराज नेताओं के कांग्रेस के संपर्क की बात पर प्रभारी रंधावा ने कहा कि कांग्रेस कभी भाजपा की तरह खेल नहीं खेलती है। हम अपने बूते पर चुनाव लड़ेंगे। दूसरों का सहारा लेकर चुनाव नहीं लड़ेंगे। हमारा प्रयास है कि पार्टी और इससे जुड़े हुए लोगों को मजबूत कैसे करना है।

हम वही बात करेंगे, जो कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अच्छी लगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी किसी कार्यकर्ता को निराश नहीं करती है।

निवेश प्रोत्साहन के लिए कलक्टर की वित्त विशेषज्ञों के साथ बैठक

बैठक में 2 हजार करोड़ रुपये के निवेश करारों पर सहमति

राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर जयपुर कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सोमवार को वित्त विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया।

जयपुर । जयपुर जिले में निवेश प्रोत्साहन के लिए कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में वित्त विशेषज्ञों से विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने चार्टेड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी एवं कोस्ट अकाउंटेंट से राइजिंग राजस्थान के सफल आयोजन एवं जिले में ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करने को लेकर चर्चा की।

उन्होंने बताया कि जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यिमयों से संपर्क किया जा रहा है।

बैठक में 2000 करोड के निवेश के प्रस्तावों पर सहमति बनी। जिसके तहत मंगलम ग्रुप द्वारा 1000 करोड़ के निवेश से एक इडस्ट्रियल पार्क एवं स्पोटे सिटी के प्रस्ताव पर सहमति जाहिर की। वहीं, 500 करोड़ का एक एग्रीकल्चर युनिट तथा 150 करोड का एक रूफिंग शीट की यूनिट एवं अन्य प्रस्तावों के तहत कुल 400 करोड के निवेश करारों पर सहमति बनी। वहीं, एसोसिएशन ऑफ गारमेंट एक्सपोर्टर्स सीतापुरा की ओर से भी 300 करोड़ के अतिरिक्त निवेश करार पर सहमति प्रदान की गई गौरतलब है कि एजीएक्ससी द्वारा पूर्व में भी 600 करोड के निवेश करार पर हस्ताक्षर किये गए थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में चार्टेड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी एवं कोस्ट अकाउंटेंट जिला निवेश अनुपालन, वित्तीय प्रबंधन और रणनीतिक मार्गदर्शन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनका सहयोग निवेशकों की निर्णय लेने की क्षमता एवं विश्वास को बढ़ाता है। अत: जयपुर जिले में अधिक से अधिक निवेश हेतु सरकार के साथ निवेश करार सुनिश्चित करने के लिए वांछित सहयोग एवं सलाह चाहने के लिए बैठक का आयोजन किया गया है।

जे.डी.ए. आयुक्त ने किया रिंग रोड क्षेत्र का निरीक्षण

जयपुर । जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने सोमवार को जोन 9 व 10 तथा रिंग रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बालाजी तिराहे पर चल रहे जंक्शन के कार्यों और बालाजी तिराहे से जगतपुरा आरओबी तक सड़क सुधार कार्य को राइजिंग राजस्थान समिट से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। महल रोड के मिडियन में साफ-सफाई, पेड़ों की छंटाई तथा रैलिंग को ठीक करने के लिए कहा।

महल रोड पर मिसिंग लिंक सर्विस रोड को पूरा करने, इसके आ रही अड़चनों को दूर करने, महल करोड 7 नं. बस स्टेण्ड से सी.बी.आई फाटक सड़क में आ रहे अतिक्रमणों को तुरंत हटाने के लिए कहा।

जगतपुरा आरओबी से सी.बी.आई फाटक तक मास्टर प्लान-जोनल प्लान के अनुरूप प्रस्तावित सड़क निर्माण करने के लिए रेलवे से आवश्यक भूमि लेने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारम्भ करने के लिए कहा। गोविन्दपुरा रोपाडा व खौरी रोपाडा आवासीय योजनाओं में सिविल कार्य करवाने व गोविन्दपुरा रोपाडा आवासीय योजना की सम्पर्क सड़क के लिए भूमि आवाप्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने के लिए कहा।

अधीक्षक का ड्राइवर लगाता मरीजों को इंजेक्शन, वीडियो वायरल हुआ

- वायरल वीडियो जयपुरिया अस्पताल की इमरजेंसी में 20 दिन पुराना बताया जा रहा है

जयपुर (कासं)। जयपुरिया हॉस्पिटल में अधीक्षक महेश मंगल के ड्राइवर द्वारा इमरजेंसी में मरीजों के इंजेक्शन लगाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ड्राईवर, वार्ड में डॉक्टर्स व नर्सेज की तरह राउंड भी लेता है और मरीजों को दवाइयां भी बताता है। ड्राइवर नाहर सिंह का वीडियो करीब 20 दिन पुराना इमरजेंसी का बताया जा रहा है। इस वायरल वीडियो में ड्राइवर मरीज के इंजेक्शन लगाता हुआ दिख रहा है। अधीक्षक डॉक्टर महेश मंगल का कहना है कि यह मामला अगर सच है तो बड़ा ही गंभीर है, मैं इस मामले की जांच करवाता हूं। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

बताया जा रहा है कि ड्राइवर की इस हरकत से हॉस्पिटल के डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ भी परेशान है। सुपरिटेंडेंट का ड्राइवर होने की वजह से नाहर सिंह को कोई टोकने तक की हिम्मत नहीं करता है। पिछले कुछ समय से ड्राइवर वार्ड में आता है और राउंड लगाता है। इस दौरान वह कुछ मरीजों से बातचीत करता है, उनको इंजेक्शन लगाने के साथ ड्रिप बदलने का भी काम करता है। इसी तरह वह इमरजेंसी में भी आकर वहां भर्ती या दिखाने आए मरीजों को इंजेक्शन-दवाइयां देता है। इस मामले में स्टाफ की उसे टोकने की हिम्मत नहीं होती, क्योंकि वह अधीक्षक का ड्राइवर है। एक महीना पहले देर रात वार्ड में ड्राइवर का स्टाफ और सुरक्षा गार्ड से विवाद भी हुआ था। इसके बाद भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

नाम नहीं छापने की शर्त पर स्टाफ के लोगों ने बताया कि अनजान मरीज ड्राइवर की बातों में आकर उसकी बताई दवाइयां बाजार से लेकर उपयोग में ले लेते हैं, जिससे उनकी जान का भी खतरा है। ड्राइवर कई भर्ती मरीजों (जो दूसरे राज्य के होते हैं) से बातचीत के दौरान उनको निजी हॉस्पिटल में रेफर होने के लिए काउंसिलिंग करता है। वह कई बार यहां से मरीजों को सरकारी एंबुलेंस से प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवा चुका है। ये रात में सरकारी एंबुलेंस चलाता है, जबकि दिन में अधीक्षक की गाड़ी।

जयपुर परकोटे में सुबह पांच बजे से होगी पेयजल आपूर्ति

जलदाय विभाग द्वारा पूर्व में यह पेयजल आपूर्ति सुबह साढ़े 3 बजे से की जाती थी

जयपुर। जलदाय विभाग ने जयपुर शहर के चारदीवारी क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान की है। जयपुर शहर के चारदीवारी क्षेत्र में सुबह 3.30 बजे से होने वाली जलापूर्ति अब 23 अक्टूबर से सुबह 5 बजे से नए समय के अनुसार प्रारम्भ होगी। जलदाय विभाग द्वारा चारदीवारी क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए भू-जल विभाग के कैंपस में नए पम्पहाऊस का निर्माण किया है।

अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र जयपुर (द्वितीय) शुभाँशु दीक्षित ने बताया कि 23 अक्टूबर से चौकडी पुरानी बस्ती, चौकड़ी तोपखाना क्षेत्र में सुबह 5 बजे से 6.56 बजे तक, चौकड़ी तोपखाना हुजरी क्षेत्र में सुबह 7.15 बजे से 8.49 बजे तक, चौकड़ी गंगापोल क्षेत्र में सुबह 9.15 बजे से 10.25 तक एवं चौकडी मोदीखाना क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 12.10 बजे तक पेयजल आपूर्ति होगी।

उन्होंने बताया कि चौकडी रामचंद्र क्षेत्र में दोपहर 3 बजे से 3.49 बजे तक, चौकडी घाट क्षेत्र में सांय 4.10 बजे से 5.06 बजे तक, बास बदनपुरा, नरवर पुरी, सूरज कॉलोनी, दीवान कॉलोनी, पंजाबी कॉलोनी क्षेत्र में सांय 5.20 बजे से 6.40 बजे तक, हीदा की मोरी, एचआर कॉलोनी, जियाउद्दीन कॉलोनी, शिकारियों की मोरी, सैयद कॉलोनी, फाजिल शाह कॉलोनी क्षेत्र में सांय 7 बजे से रात्री 8.15 बजे तक पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने

कुसुम योजना के सोलर प्लांट जल्द स्थापित हों : डोगरा

निर्धारित समयावधि में आवश्यक स्वीकृतियां जारी करने के लिए बनेगी एस.ओ.पी.

डिस्कॉम्स चेयरमैन व जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेकर कुसुम योजना की प्रगति पर समीक्षा की।

जयपुर । डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने कुसुम-सी योजना के तहत स्वीकृत सोलर पावर प्लांटों को शीघ्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जयपुर डिस्कॉम के अधिकारियों से कहा है कि अवॉर्ड जारी करने के बाद पावर परचेज एग्रीमेंट फाइनल करने, ट्रांसमिशन लाइन तथा मीटर लगाने सहित विभिन्न आवश्यक स्वीकृतियों के काम निर्धारित समयावधि में पूरे किए जाएं। इसके लिए डिस्कॉम के स्तर पर एसओपी तैयार की जाएगी।

डिस्कॉम्स चेयरमैन जयपुर डिस्कॉम क्षेत्र में लगाए जा रहे इन प्लांटों की प्रगति की सोमवार को विद्युत भवन में समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने किसानों, डवलपरों तथा निगम के अभियंताओं से प्लांट स्थापित करने की दिशा में अब तक की प्रगति तथा बाधाओं के बारे में जानकारी ली। सुश्री डोगरा ने निर्देश दिए कि डिस्कॉम अभियंता प्रो-एक्टिव एप्रोच के साथ सोलर संयंत्रों की स्थापना में आ रही अन्य विभागों से संबंधित दिक्कतों को दूर करने में भी सहयोग करें।

डिस्कॉम चेयरमैन ने कहा कि कुसुम योजना का कंपोनेंट-सी किसानों को दिन में कृषि कार्य के लिए बिजली देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। ऐसे में इन ग्रिड कनेक्टेड सोलर परियोजनाओं को शीघ्र स्थापित करना आवश्यक है। बैठक में डवलपर्स तथा किसानों ने अवगत कराया कि उन्हें डिस्कॉम के स्तर पर आवश्यक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने अतिरिक्त प्रयास कर यथासंभव शीघ्र सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी) एसएस नेहरा, मुख्य लेखा नियंत्रक ए.के. जोशी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (पीपीएम) आर. के.शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पशु चिकित्सालयों के लिए न्यूनतम मानक लागू हों : डॉ. उमेश चंद्र शर्मा

भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने सोमवार को टोंक रोड स्थित पशुधन भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

जयपुर (कासं)। भारतीय पशु चिकित्सा परिषद (वी.सी.आई.) के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि पशुपालन क्षेत्र में वेटरिनरी चिकित्सालय बड़ी चुनौती बने हुए हैं। पशु चिकित्सालयों के लिए न्यूनतम मानक लागू होने चाहिए। उन्होंने यह बात सोमवार को टोंक रोड स्थित पशुधन भवन के राज्य पशु चिकित्सा परिषद के सभागार में एक कार्यक्रम में कही।

डॉ. शर्मा ने कहा कि परिषद ने पशु चिकित्सा शिक्षा में सुधार के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कोई भी राज्य सरकार जब तक अपने पुराने कॉलेज में फैकल्टी पूरी नहीं करेगी, तब तक उस राज्य को नए कॉलेज खोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही राज्य सरकार को यह तय करना होगा कि उन्हें कितने कॉलेज की जरूरत है उसी आधार पर उनकी मांग के अनुसार ही अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वेटरिनरी कॉलेज में विद्यार्थियों का दाखिला नीट में सफल होने तथा केंद्रीय काउंसिलिंग के आधार पर होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक उपस्थिति पोर्टल काम करने लगेगा जिससे 31 मार्च के बाद कोई फैकल्टी प्रौक्सी नहीं हो सकेगी।

उन्होंने कहा कि आज देश में पशुपालन की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रधानमंत्री से लेकर केंद्र सरकार पशुपालन के क्षेत्र में गहरी रुचि रखते हैं। राजस्थान में पशुपालन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां पशु चिकित्सक अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने राज्य में चलाए जा रहे मोबाइल वेटरिनरी यूनिट तथा कॉल सेंटर को राज्य सरकार का अच्छा कदम बताते हुए कहा कि राजस्थान पशुधन और पशुपालक के विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर काम करेंगे तो पशु चिकित्सा के क्षेत्र में आ रही समस्याओं को दूर किया जा सकता है। पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड ने पशु चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए परिषद को इसमें हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पशु चिकित्सा के कॉलेज खुलने से गुणवत्ता तो प्रभावित हुई ही है बड़ी संख्या में बेरोजगारों की फौज भी बढ़ी है। उन्होंने परिषद को गुणवत्ता से समझौता न होने पाए ऐसे निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. उमेश चंद्र शर्मा तीसरी बार भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। वीसीआई भारत सरकार द्वारा गठित भारतीय पशु चिकित्सा की सबसे शीर्ष संस्था है।

प्रदेश के 15 सी.एम.एच.ओ. को कारण बताओ नोटिस

- टोबेको फ्री यूथ कैम्पन 2.0 के कार्य योजना के अनुसार गतिविधियां नहीं करने पर कार्रवाई

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने टोबेको फ्री यूथ कैम्पन 2.0 के कार्य योजना के अनुसार गतिविधियां आयोजित नहीं करने तथा प्रतिदिन पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट नहीं करने पर 15 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को बताओ नोटिस जारी किया है। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रविप्रकाश माथुर ने बताया कि बूंदी, डीडवाना-कुचामन, गंगापुर सिटी, नीमकाथाना, जोधपुर शहर, जोधपुर ग्रामीण, डीग, कोटपूतली-बहरोड, बालोतरा, दूदू, फलौदी, सांचोर, केकड़ी, शाहपुरा, एवं सलूम्बर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

प्रदेश में 26 सितम्बर से संचालित 60 दिवसीय टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतर्गत सभी जिलों में औषधि नियंत्रण अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (कोटपा) अधिनियम तथा ई-सिगरेट प्रतिबंध अधिनियम- 2019 के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार चालान एवं जब्ती सहित विभिन्न आवश्यक कार्यवाही में सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी आयुक्तालय से दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह निर्देश दिए। उन्होंने कोटपा एक्ट के तहत सचित्र चेतावनी का प्रदर्शन, 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों द्वारा बेचान, तम्बाकू उत्पादों का विज्ञापन एवं सार्वजनिक क्षेत्र में धूम्रपान आदि करते पाए जाने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। खान ने सभी प्राधिकृत अधिकारियों एडीसी, डीसीओ के द्वारा एनफोर्समेंट कार्रवाई की रिपोर्ट केन्द्र सरकार के पोर्टल पर जिला तम्बाकू प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रतिदिन आवश्यक रूप से अपडेट करने के भी निर्देश दिए। इसके लिए राज्य स्तर पर तम्बाकू प्रकोष्ठ के माध्यम से नियमित समीक्षा की जाए।

सार-समाचार

उर्स में कव्वालों ने वाहवाही बटोरी

जयपुर । संसार चंद रोड स्थित दरगाह मीरजी में हज़रत सैय्यद अनवार उर रहमान रहमातुल्लाह के 79 वां दो रोजा उर्स मुकम्मल हुआ। देर रात तक कव्वाली की महफिल सजी। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम सादिक खान, दानिश वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक व समाजसेवी हाजी सगीर उर्फ लल्लू भैया व पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खान की दास्तान बंदी की गई। दरगाह सज्जादानशीन डॉक्टर सैय्यद हबीबुर्रहमान नियाजी ने कहा कि हज़रत अनवार रहमतुल्लाह का दो रोजा उर्स में देश भर से अकीदत मंद शिरकत की ओर अपनी मुरादे मांगी। उन्होंने कहा कि देश के मशहूर कव्वाल यहां आकर अपने बेहतरीन कलम पेश कर लोगों से वाहवाही लूटी। जनशीन फैजु उर रहमान नियाजी ने कहा कि दो दिनों से जोशो खरोश के साथ में उर्स मनाया गया। हजारों की तादाद में मुरीद उर्स में शिरकत करने पहुंचे उर्स के दूसरे दिन कल के रस्म के साथ देर रात तक देश भर से आए मशहूर मारूफ कव्वालों ने अपने कलाम पेश कर महफिल का समां बांध और देर रात तक चली महफिल के बाद दुआ का एहतमाम किया गया। तीसरे दिन मन्नतो के चराग रोशन किए गए इस मौके पर बड़ी तादाद में महिला-पुरुष दरगाह पर अपने चराग रोशन करने के लिए पहुंचे।

शिविर में 254 यूनिट रक्त किया एकत्र

जयपुर । कालवाड़ रोड स्थित एक मैरिज गार्डन में सोमवार को समाजसेवी कैलाश सिंह शेखावत की दसवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 254 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। कार्यक्रम आयोजक हेमेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि शिविर का शुभारंभ राज्यमंत्री विजय सिंह चौधरी और विधायक बालमुकुंदाचार्य ने किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन, चुरू के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ ग्रेटर नगर निगम के चेयरमैन गजेन्द्र सिंह चिराना और अजय चौहान, पार्षद विजेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बिहार के राज्यपाल ने की बागडे से भेंट

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से राजभवन में सोमवार को बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने उनका अभिनंदन करते हुए राजस्थान की यात्रा की याद स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर राजभवन में उनका स्वागत किया।

सात दिवसीय रेस्क्यू मिशन

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और अपना घर आश्रम के संयुक्त प्रयास से आयोजित 7 दिवसीय रेस्क्यू मिशन में प्रदेशभर से 514 प्रभुजनों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है, जिनमें 75 महिला प्रभुजन भी शामिल हैं। इन प्रभुजनों में मनोरोगी, बौद्धिक दिव्यांग, वृद्ध, विशेष योग्यजन आदि शामिल हैं। सभी को राज्य के विभिन्न आश्रमों में भर्ती किया गया है, जहां उन्हें आवास, चिकित्सा, सेवा और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस अभियान के तहत भरतपुर संभाग से 62, अजमेर से 46, जयपुर से 133, बीकानेर से 53, जोधपुर से 112, कोटा से 32, उदयपुर से 43, नीमकाथाना से 16 और पाली से 17 प्रभुजनों को रेस्क्यू किया गया। यह अभियान 13 से 19 अक्टूबर 2024 तक, राजस्थान को आश्रयहीन, असहाय, निशक्त और लावारिस व्यक्तियों से मुक्त करने के उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक संभाग मुख्यालय पर चलाया गया। आश्रम के माध्यम से इन व्यक्तियों को निशुल्क आश्रय, चिकित्सा, भोजन, वस्त्र और जीवन यापन की अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

मेघवाल ने देखी जयपुर फुट निर्माण विधि

जयपुर । केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बी.एम.वी.एस.एस.) के मालवीया नगर स्थित केन्द्र में विश्व प्रसिद्व जयपुर फुट की निर्माण विधि देखी । मेघवाल का बी.एम.वी.एस.एस. के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता तथा बी. एम.वी.एस.एस. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्व आई.ए.एस. एस.एस. बिस्सा ने स्वागत किया। डी.आर. मेहता ने केन्द्रीय मंत्री मेघवाल को जयपुर फुट की निर्माण विधि से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जयपुर फुट अब तक बीस लाख से अधिक लोगों को लाभान्वित कर चुका हैं और विश्व भर के देशों में अभी तक 45 हजार से अधिक विदेशी जयपुर फुट के सहारे चलते हैं। डी.आर. मेहता ने जानकारी दी कि अभी जयपुर फुट के शिविर तंजानिया और मंगोलिया में चल रहे हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिस्सा ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सौजन्य से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति विदेशों में शिविरों का आयोजन कर दिव्यांगों को चलने फिरने योग्य बनाती हैं। विधि मंत्री मेघवाल ने बताया कि उनकी बहुत दिनों से जयपुर फुट की निर्माण विधि देखने की इच्छा थी । उन्होंने कहा कि जयपुर फुट आज विश्वभर में अपनी गुणवत्ता के नाम से जाना जाता हैं । उन्होंने इस बात की प्रशंसा की कि जयपुर फुट विकलांगों को मुफ्त उपलब्ध कराया जाता हैं।

'टेक कनेक्ट' का आयोजन 24 से 26 तक

जयपुर । जयपुर में 24 से 26 अक्टूबर तक तीन दिवसीय "टेक कनेक्ट-2024" का आयोजन किया जाएगा। विज्ञान भारती राजस्थान; राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, सीएसआईआर-सीरी-पिलानी, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय-कोटा, फोर्टी-राजस्थान और पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन किया जा रहा है। विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े गुरुवार को सीतापुरा स्थित पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इसका उद्घाटन करेंगे, जहां यह फेस्ट 24 व 25 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। अंतिम दिन 26 अक्टूबर को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में इसका आयोजन किया जाएगा। यहां राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री निर्यात वृद्धि अभियान की शुरुआत की जाएगी।

100 बच्चियों को जूते-मौजे वितरित

जयपुर (कासं)। पीएम श्री राजकीय आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गणगौरी बाजार में सोमवार को इंपीरियल चैंबर ऑफ कॉमर्स के डायरेक्टर जनरल, रोटेरियन सुनील दत्त गोयल की ओर से कक्षा 9 व 10 की करीब 100 छात्राओं को जूते-मोजे वितरित किए गए। विद्यालय की प्राचार्य ने धन्यवाद देते हुए कहा कि, रोटेरियन सुनील दत्त गोयल ऐसे भामाशाह हैं, जिन्होंने समय-समय पर स्कूल के भौत्तिक संसाधनों में सहयोग दिया है।